दिनांक 01.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार निःशक्तजन सशक्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण में नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन क्रमांक 01,02,03,04,05 व 06 कार्यालय में लगातार तीन दिवस दिव्यांगों के लिए शिविर का आयोजन किया गया आज अंतिम दिवस पर शिविर में दिव्यांगों के मांग अनुसार 447 आवेदन जमा कराये गये शिविर में कुल 752 दिव्यांग हितग्राहियों के द्वारा कुल 1494 आवेदन प्राप्त हुए। दिव्यांग हितग्राहियों के मांग अुनसार शासन की योजना के अतंर्गत उन्हे लाभ प्रदान किया जायेगा। शिविर के अंतिम दिवस में विभिन्न प्रकार के मांग अनुरुप कुल 447 दिव्यांगों के द्वारा आवेदन फार्म जमा किया गया।

नगर निगम भिलाई के सभी 06 जोन कार्यालय में आयोजित शिविर में दिव्यांगों के द्वारा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा किया गया आवेदन जमा कराने एवं उनके मांग अनुरुप फार्म जमा करने में निगम के अधिकारी, कर्मचारियों ने पुरा सहयोग प्रदान किया। शिविर में दिव्यांगों द्वारा प्रमाण–पत्र नया/नवीनीकरण 199, समर्थ/स्वास्थ्य कार्ड हेतु कुल प्राप्त आवेदनों की संख्या 114, स्मार्ट कार्ड हेतु 109, मुख्यमंत्री संजीवनी कोष 08, विकलांग पेंशन 10, सामाजिक सुरक्षा पेंशन 40, दिव्यांग छात्रवृत्ति 03, सहायक उपकरण के अंतर्गत– ट्रायसायकल 09, बैसाखी 02, श्रवण यंत्र 09, ब्रेलकिट, व्हील चेयर 06, टेप रिकार्डर 01, कैलीपर्स, श्वेत छड़ी, नकली हाथ पैर 01, दिव्यांग जूता, बैटरी चलित ट्रायसायकल 28, स्व रोजगार हेतु दिव्यांग ऋण 54, परिचय पत्र एवं पासबुक 160, निरामण बीमा योजना 19, दिव्यांग राशनकार्ड 84, दिव्यांग ऑनलाईन पंजीयन 215, कौशल विकास योजना 18, रेलवे पास हेतु 104, बस पास 155 कुल 28,29 व 30 नवम्बर 2017 को 1494 आवेदन पत्र प्राप्त हुआ।

शिविर में समस्त जोन के जोन आयुक्त, सहायक राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता एवं निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी